ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या–1, सैक्टर– नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नौएडा सिटी, जिला–गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0)।

website: www.greaternoidaauthority.in email id: authority@gnida.in

पत्रांक :–72578/ग्रे0नौ0 /बैंक/वित्त/2021–22 दिनांकः 22/11 /2021

आवश्यक/अति महत्वपूर्ण

सेवा में,

शाखा प्रबन्धक,

....,

....,

....।

विषय– **ऑनलाईन धनराशि जमा कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक प्राधिकरण के पूर्व में प्रेषित पत्रांक संख्याः 2100/ग्रे0नौ0/बैंक/वित्त/2021–22 दिनांक 18.06.2021 का सन्दर्भ लेना चाहें, जिसमें प्राधिकरण की समस्त प्राप्तियों को ऑनलाईन के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया था। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि प्राधिकरण की विभिन्न योजना के आवंटियों द्वारा चालान के माध्यम से आपकी शाखा में धनराशि जमा की जाती है। प्राधिकरण में ई–प्रणाली सिस्टम लागू हो चुका है, जिसके क्रम में अपेक्षित है कि समस्त भुगतान एवं प्राप्तियॉ इलैक्ट्रोनिक माध्यम से (ई–पेमेन्ट/ई–रिसीट) की जाए।

उपरोक्त के क्रम में मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये है कि आपके बैंक द्वारा विभिन्न मदों में प्राप्त की जाने वाली समस्त धनराशियॉ ऑनलाईन प्राप्त की जाए। दिनांक 30.11.2021 के उपरान्त किसी भी दशा में ऑफलाईन चालान के माध्यम से धनराशि प्राप्त न की जाए अर्थात दिनांक 01.12.2021 से सभी धनराशि ऑनलाईन ही जमा की जायेगी। इस उददेश्य से आवंटी/गैर आवंटी को सूचित करने के उददेश्य से तत्काल आपकी अपनी बैंक में सूचना चस्पा करते हुऐ उक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(हौसिला प्रसाद वर्मा)
महाप्रबन्धक (वित्त)

प्रतिलिपिः–

1. उप महाप्रबन्धक (मार्केटिंग) को इस आशय से प्रेषित कि जन साधारण को सूचित करने हेतु राष्ट्रीय समाचार पत्रों में तत्काल प्रकाशित कराने हेतु सुनिश्चित करें ताकि आम जनता/आवंटियों को असुविधा न हो।

2. उप महाप्रबन्धक (सिस्टम) को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना प्राधिकरण की Website पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें तथा ऑनलाईन जमा करने हेतु चालान में सभी मदों को डालना सुनिश्चित करें, जिससे आवंटी एवं प्राधिकरण को किसी कठिनाई का सामना न करना पड़े।

महाप्रबन्धक (वित्त)